इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा अवार्ड से सम्मानित गुमला के युवा

चर्चा में क्यों?

8 फरवरी 2023 को झारखंड के गुमला ज़िले के युवाओं द्वारा बनाये गये ऐप 'द जोहार झारखंड और मुस्कुराए आप गुमला में हैं' को इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय प्रतिष्ठा अवार्ड मिला है।

प्रमुख बिंदु

- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, गुमला के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि लोक अभियोजक एके पांडे, डीपीआरओ संजय कुमार और ज़िला प्रेस एसोसिएशन गुमला के महासचिव दुर्जय पासवान द्वारा युवाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- साथ ही शून्य से शिखर तक नाम से गुमला का पहला फेसबुक डिजिटल क्विज कराया गया। वहीं, लाइव इंस्टाग्राम पेज द्वारा से 'द जोहार झारखंड और मुस्कुराए आप गुमला में' कार्यक्रम हुआ। इसमें सफल होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।
- विजेता मोहम्मद दिलशाद, उमा सिंह, श्रेया पांडे, रंजू कुमारी, रविकुमार रंजन, ऋषभ धीरज और शशिकांत को पुरस्कार दिया गया।
- इन युवाओं ने 'द जोहार झारखंड ऐप, मुस्कुराए आप गुमला में हैं' व गुमला लाइव इंस्टाग्राम पेज बनाए हैं, जिसके माध्यम से राज्य के जितने भी टूरिज्म स्पॉट हैं, उनका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। साथ ही ये सभी युवा प्रकृति संरक्षण पर भी काम रहे हैं। टूरिज्म को लेकर इन युवाओं ने कई अवार्ड भी जीता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gumla-s-youth-honored-with-influencer-book-of-world-records-and-national-prestige-award